खेती किसानी लेकिन बारिश नहीं होने से किसान परेशान

बुआई के लिए खेत तैयार,मृग नक्षत्र का भी हुआ आगाज

झमाझम बारिश के लिए करना पड़ सकता है और इंतजार

हालांकि जिले के कुछ क्षेत्रों में आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश हुई,लेकिन अभी भी खेतों में बुआई के लिए अधिकांश किसान झमाझम बारिश का प्रतीक्षा कर रही है,मौसम विभाग के सूत्रों की मानें तो दमदार बारिश के लिए अभी भी किसानों को एक सप्ताह और इंतजार करना पड़ सकता है। अनुमान है कि इस वर्ष अल निनो का भी संकट है,ऐसे में बारिश में विलंब होने से क्षेत्र की प्रमुख उत्पादन वाली कपास के फसल की बुआई विलंब से हो सकती है,बीते वर्ष भी बारिश विलंब से हुई थी,जिससे कई किसानों को अपने खेतों में दोबारा बुआई करनी पडी थी।

बुआई करने में जल्दबाजी ना करें किसान

ज्ञातव्य हो कि बीते वर्ष अच्छी बारिश के कारण नदी,नाले भर गए थे,यहां पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं होने के बावजूद किसानों को संतोषप्रद उत्पादन प्राप्त हुआ था,लेकिन इस वर्ष बदलते मौसम के कारण किसानों की चिंता बढ गई है,कृषि विभाग द्वारा भी किसानों को पर्याप्त वर्षा होने के बाद ही बुआई करने की सलाह दी जा रहीं है।

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,11 जून, खरीफ की बुआई के लिए सबसे अच्छे माने जाने वाले मृग नक्षत्र की शुरुआत तो हो चुकी है,लेकिन अब भी ग्रीष्म ऋतु के नौतपा की तरह ही भीषण धूप,गर्म हवाओं के थपेड़ों को देखते हुए अब भी कम से कम एक सप्ताह तक बारिश होने की कहीं उम्मीद नहीं दिखाई दे रहीं है,बुआई के लिए खेतों को पूरी तरह तैयार करने वाले किसान आसमान की और टकटकी निगाहों से बारिश होने की आस से देख रहें है।

मृग नक्षत्र में बुआई होने से होता है अच्छा उत्पादन : गौरतलब हो कि प्रदेश तथा संभाग की अंतिम सीमा पर स्थित पांढुरना कृषक बाहुल्य जिला है,यहां के लोगों की आजीविका का मुख्य स्त्रोत पुश्तैनी खेती ही है,प्रतिवर्ष की तरह ही इस वर्ष भी किसानों ने बीते दो माह से जारी झुलसा देंने वाली धूप में अपने-अपने खेतों की साफ-सफाई के साथ बुआई के लिए खेत तैयार कर लिए है। वहीं खरीफ के फसलों की बुआई के लिए सबसे महत्वपूर्ण माने जाने वाला मृग नक्षत्र भारतीय पंचांग के अनुसार बीते 8 जून से ही प्रारंभ हो चुका है,खेती किसानों के जानकार तथा पारंपरिक खेती की मान्यता के अनुसार इस मृग नक्षत्र में अच्छी झमाझम बारिश होती है,इस दौरान जिन भी किसानों द्वारा बुआई की जाती है,उनकी फसलों का उत्पादन बहुत अधिक होता है।

24 घंटे बाद भी रेलवे अंडरपास से नहीं निकला पानी, साप्ताहिक बाजार के दिन राहगीर हुए परेशान



नवभारत न्यूज
सौसर 11 जून - रेलवे प्रशासन की घोर लापरवाही और उदासीनता के कारण शहर के मुख्य रेलवे अंडरपास की स्थिति बद से बदतर हो गई है। बुधवार को हुई झमाझम बारिश के बाद अंडरपास में भरा पानी 24 घंटे बीत जाने के बाद भी जस का तस बना हुआ है। जिम्मेदार रेलवे अधिकारियों ने अब तक पानी निकासी की कोई सुध नहीं ली है, जिसके चलते स्थानीय नागरिकों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

साप्ताहिक बाजार के दिन बढ़ीं मुश्किलें: गुरुवार को सौसर का साप्ताहिक बाजार होने के कारण अंडरपास वाले मार्ग पर राहगीरों का दबाव बेहद अधिक था। पानी से लबालब भरे अंडरपास के कारण बाजार आने-जाने वाले पैदल नागरिकों, विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। कई लोग फिसलकर चोटिल भी हुए।

अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल: इस अव्यवस्था को लेकर क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। कढ़ैया के ग्रामीण नितिन बोंडे का कहना है कि रेलवे के संबंधित अधिकारियों की अदूरदर्शी कार्यप्रणाली का खामियाजा क्षेत्र के भोले-भाले ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। उनका कहना है कि बारिश से पहले तैयारी क्यों नहीं की गई? 24 घंटे बाद भी समस्या का समाधान नही निकलना कही ना कही प्रशासन की कार्यप्रणाली सवालों के कटघरे में खड़ा करता है।

तीन लोगों से 60 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर की कार्यवाही

नव भारत न्यूज, पांढुरना,11जून, प्रभारी कलेक्टर अग्रिम कुमार के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में आबकारी वृत्त पांढुरना द्वारा ग्राम नीलकंठ, लवहाना एवं जाटलापुर में अवैध शराब के अड्डों एवं घरों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान लगभग 60 बल्क लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब जब्त कर आबकारी विभाग द्वारा अपने कब्जे में ली गई।उक्त प्रकरणों में म.प्र. आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं।कार्रवाई के दौरान वृत्त प्रभारी अनिकेत पटेल, आरक्षक मुकेश रहांगडाले एवं अनुराग गोनेकर उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

छिंदवाड़ा. कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व विभाग के विभिन्न कार्यों की प्रगति का विस्तृत परीक्षण किया। बैठक में सीमांकन, नामांतरण, राजस्व वसूली, अवैध उत्खनन पर कार्रवाई, फॉर्मर रजिस्ट्री एवं सीएम हेल्पलाइन से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में बेहतर कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की।उन्होंने कहा कि सीमांकन संबंधी मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण होने से आम नागरिकों को राहत मिलती है तथा राजस्व विवादों में कमी आती है।

महाराष्ट्र के युवक का ग्राम टेमनी के पास मिला शव

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,11जून, बड़चिचोली पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम टेमनी के सडक़ किनारे एक युवक का मृत अवस्था में शव मिलने पर ग्राम में सनसनी फैल गई, घटना को लेकर कई तरह के अटकले लगाई जा रहीं है,वहीं पुलिस पंचनामा कार्यवाहीं के बाद जांच में जूट गई है।

गुरूवार की शाम को बड़चिचोली पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम टेमनी के सडक़ किनारे एक युवक का मृत अवस्था में शव दिखाई देंने की सूचना पर आनन-फानन में घटना स्थल पहुंचे पुलिस अधिकारियों द्वारा मृतक युवक के कपड़ों में मिले दस्तावेजों से इसकी पहचान सीमावर्ती महाराष्ट्र के कोराडी खापरखेड़ा निवासी अशोक भरसाकरे के रूप में हुई है,पंचनामा कार्यवाहीं बाद पुलिस द्वारा मृतक के शव को पांढुरना भेजा है,लेकिन शाम अधिक होने से मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है,जिससे युवक की मौत कैसे हुई है इसकी पृष्टि शव के पोस्टमार्टम के बाद ही ज्ञात हो सकेंगी,वहीं इस घटना को लेकर ग्राम में अनेकों प्रकार की जनचर्चाए व्याप्त है। महाराष्ट्र का यह युवक यहां कैसे आया,इसके साथ ही पुलिस प्रत्येक बाद की सुक्ष्मता में जांच में जूट गई है।

तपोभूमि में भगवान बिरसा मुंडा का शहीद दिवस मनाया

नवभारत न्यूज़
सौसर 11 जून. जाखिवाड़ा में निर्माणाधीन तपोभूमि परिसर में तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखिवाड़ा एवं भारतीय बौद्ध महासभा सीहोर के संयुक्त तत्वावधान में भगवान बिरसा मुंडा की शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों ने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, त्याग और समाज उत्थान के कार्यों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत भगवान गौतम बुद्ध, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर एवं भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि भगवान श्रीरामें, सुखदेव परतेती, भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए किए गए योगदान पर प्रकाश डाला।

संजय क्षत्रिय कृषि आदान विक्रेता संघ के संभागीय उपाध्यक्ष नियुक्त

नव भारत न्यूज
पांढुरना,11जून, कृषि आदान विक्रेता संघ भोपाल द्वारा संगठन के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से छिन्दवाड़ा, सिवनी, पांढुरना एवं बालाघाट जिलों को सम्मिलित करते हुए एक नवीन संभाग का गठन किया गया है।

इस नवगठित संभाग के लिए पांढुरना जिले के प्रतिष्ठित कृषि आदान व्यवसायी जो पवन एग्रो मॉल पांढुर्णा के संचालक है एवं समाजसेवी संजय क्षत्रिय को संभागीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से पांढुरना जिले के कृषि आदान विक्रेताओं एवं वे संभाग के सभी जिलों के कृषि आदान विक्रेताओं के हितों की प्रभावी रूप से आवाज उठाते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही किसानों के हित को ध्यान रखते हुवे सरकारी व्यवसायियों में हर्ष का वातावरण है। संजय क्षत्रिय की यह नियुक्ति न केवल उनके व्यक्तिगत अनुभव, कार्यकुशलता एवं संगठन के प्रति समर्पण का सम्मान है, बल्कि पूरे पांढुरना जिले के लिए गौरव एवं सम्मान की बात है। संजय क्षत्रिय ने इस अवसर पर कहा कि की योजनाओं को किसानों के बीच पहुंचाने का कार्य भी जिम्मेदारी स्वरूप निभाएंगे

पांढुरना जिले के कृषि आदान विक्रेताओं, शुभचिंतकों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने संजय क्षत्रिय को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने जनपद में 12 से 15 एवं नगर में 15 से 17 तक लगेंगे विशेष शिविर

नव भारत न्यूज पांढुरना,11 जून, राज्य शासन द्वारा 05 जून से 21 जून 2026 तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जनकल्याण शिविरों के अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखंड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर 12 जून 2026 से 18 जून 2026 तक पात्र एवं छूटे हुए हितग्राहियों के पंजीयन हेतु विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी कलेक्टर अग्रिम कुमार द्वारा जारी आदेशानुसार जनपद स्तर पर जनपद पंचायत परिसर पांढुर्णा एवं जनपद पंचायत परिसर सौसर में 12, 13 एवं 15 जून 2026 को प्रात: 10:30 बजे से सायं 4:00 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे।पांढुर्णा शिविर के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पांढुर्णा विनय प्रकाश वाकुर तथा सौसर शिविर के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सौसर श्री प्रियंक मिश्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पालिका में 1नगरीय निकाय स्तर पर 15, 16 एवं 17 जून 2026 को प्रात: 10:30 बजे से सायं 4 बजे तक नगर पालिका परिषद पांढुर्णा, नगर पालिका परिषद सौसर, नगर परिषद मोहगांव, नगर परिषद पिपला नारायणवार तथा नगर परिषद लोधीखेड़ा में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के लिए संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

प्रभारी कलेक्टर अग्रिम कुमार द्वारा सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे मैदानी अमले के सहयोग से अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को शिविरों तक लाने, प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज कराने, शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की कार्रवाई करें। साथ ही जनप्रतिनिधियों को भी शिविरों में उपस्थित होने के लिए सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं.

जामसांवली धाम में विशेष पूजा और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

नवभारत न्यूज़
सौंसर 11 जून. करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत, अद्वितीय कर्मयोगी और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक 12 वर्ष, 4399 दिन का ऐतिहासिक कार्यकाल पूर्ण कर लिया है। देश की सेवा में समर्पित इन अद्भुत 4399 दिनों के शुभ अवसर पर चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर, हनुमान लोक जामसांवली धाम में एक विशेष पूजा-अर्चना एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं राष्ट्र सेवा के लिए की मंगल कामना

इस पावन अवसर पर पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने विशेष रूप से सम्मिलित होकर संकटमोचन हनुमान जी के चरणों में शीश नवाया। उन्होंने प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर राष्ट्र सेवा के संकल्प को पूरा करने के लिए बजरंगबली से मंगल कामना की। श्री मोहोड ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी का यह कार्यकाल देश के लिए विश्वास से विकास और सेवा से सिद्धि का साक्षात प्रमाण है। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष रामेश्वर खोडे, हनुमान लोक जामसांवली संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, संस्थान के सचिव टीकाराम कारोकर, पांढुर्णा नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश बंटी छागानी, लोधीखेड़ा मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे, सोशल मीडिया विभाग पांढुर्णा जिला सह-संयोजक शिवम जानभोर, मादव पाटिल, सतीश बांबल, पंकज नाईक, प्रफुल देवतले, विजयराव आखरे, नामदेव बोबडे, विजय वराठे, गजानन किंनकर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पांच दिवसीय कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन शिविर का समापन

नवभारत न्यूज़
सौसर 11 जून. गायत्री शक्तिपीठ सौसर में समापन अवसर नगर के गणमान्य, पत्रकार समाज सुधारकों, राजनैतिक हस्तियों का आगमन हुआ सभी आत्मीय जनों ने मुक्त कंठ से इस कन्या कौशल शिविर की प्रशंसा की और कहा आज समय की मांग है संस्कार, संस्कृति और धर्म की शिक्षा बेटियो को ही नहीं बेटों को भी जरूरत है। अध्यात्म, कला, संस्कृति और भक्ति का शानदार समायोजन इस आयोजन की विशेषता रही। 200 से अधिक कन्याओं ने रैली के माध्यम से नशा मुक्ति रैली का निकाली और समाज को संदेश दिया। रैली में युग ऋषि प. श्रीराम आचार्य ने गायत्री परिवार के माध्यम जनजागरण और लोकशिक्षण और जन जन में गायत्री मंत्र को पहुंचाने का ऋषि स्तर का कार्य किया। गायत्री परिवार ट्रस्ट प्रबंधन और समस्त पीठों के आत्मीय सहयोग से यह पुनीत कार्य सम्पन्न हुआ आज विधायक विजय चौरे, नगराध्यक्ष सुरेखा इंदरचंद डागा, पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री नाना भाऊ मोहड, एवं पीपला नगराध्यक्ष श्रीमती अरुणा चौधरी और छिंदवाड़ गायत्री शक्तिपीठ में प्रबंध ट्रस्टी अशोक माहोरे, आदि उपस्थित रहे।

Presiding Officer : श्रीमति हर्षिता पिपरेवार, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पांढुर्णा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाश हेतु)
(MJC SUC/6/2025)
धनराज विरूद्ध शाखा प्रबंधक व अन्य
पेशी दिनांक 23.06.2026

प्रेषिती,
सर्वसाधारण
यह कि प्रार्थी धनराज ने आपके विरूद्ध इस न्यायालय मे व्यवहार वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय मे सूचना के प्रकाश के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात / हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय मे स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद मे संबंधित सभी सारवान कथनो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति मे है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति मे हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप मे निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची मे प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि मे इस न्यायालय मे उपस्थित नही होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावे।
न्यायालय की मुद्रा

श्रीमति हर्षिता पिपरेवार,
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
पांढुर्णा ,जिला छिंदवाड़ा

कृपया ध्यान दे-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस